(क) क्या बिहार में दरभंगा जिला में बहेरा और बहेरी के बीच टेलीफोन लाईन बिछाने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां तो इस लाईन को कब तक बिछाए जाने की संभावना है; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है, और इसे सभा-पटल पर रख दिया जाएगा।

पश्चिमी क्षेत्र में उपग्रह केन्द्र

7030. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:**
श्री अनन्तराव देवशंकर दवे:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पश्चिमी क्षेत्र में राज्य-वार कितने भू-उपग्रह केन्द्र हैं;

(ख) क्या इस क्षेत्र में दूरसंचार नेटवर्क मांग के अनुरूप है और संतोषजनक ढंग से कार्य कर रहा है; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): पश्चिमी क्षेत्र में राज्यवार उपग्रह भू-केन्द्रों की संख्या इस प्रकार है:

महाराष्ट्र	1
गोवा	शून्य
गुजरात	2
मध्य प्रदेश	शून्य

(ख) जी, हां। इस क्षेत्र में दूरसंचार नेटवर्क सामान्य मांग को पूरा करने में समर्थ है और संतोषजनक रूप से कार्य कर रहा है।

(ग) उपर्युक्त (ख) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

दूरसंचार विभाग द्वारा अनुकम्पा के आधार पर रोजगार

7031. **श्री आस मोहम्मद:**
चौधरी हरमोहन सिंह:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सिविल न्यायाधीश, बस्ती ने संचार मंत्रालय के अधीन टेलीफोन विभाग और अन्य विभागों को उन लोगों को अनुकम्पा के आधार पर रोजगार देने का निर्देश दिया है जिसकी माता अथवा पिता की मृत्यु सेवा के दौरान हो गई हो;

(ख) यदि हां, तो उपर्युक्त निर्णय को ध्यान में रखते हुए कितने मामले निपटाए गए हैं;

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) ये मामले कब तक निपटाए जाने की संभावना है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जी हां। सिविल जज, बस्ती ने दूरसंचार विभाग को अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति करने संबंधी एक मामले पर विचार करने हेतु निदेश दिए हैं।

(ख) उपर्युक्त मामला नियुक्ति हेतु उचित पाया गया और उसके आदेश जारी कर दिए गये थे।

(ग) लागू नहीं होता।

(घ) लागू नहीं होता।

दूरसंचार क्षेत्र में निवेश

7032. **श्री संघ प्रिय गौतम:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान दूरसंचार क्षेत्र में निवेश की जाने वाली राशि का स्कीम-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वे सरकारी क्षेत्र, गैर-सरकारी क्षेत्र और विदेशी स्रोत कौन-कौन से हैं जहां से यह धनराशि जुटाई जाएगी;

(ग) इस विभाग के कौन-कौन से विभिन्न क्षेत्रों में यह पूंजी निवेश किया जाएगा; और

(घ) इक्विटी और ऋण के रूप में विदेशी स्रोतों से प्राप्त किए जाने वाले कुल धन का ब्यौरा क्या है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) दूरसंचार विभाग की आठवीं पंच वर्षीय योजना के अनुमोदित वास्तविक लक्ष्यों के लिए अपेक्षित निवेश रू० 40555 करोड़ रुपये हैं। दूरसंचार क्षेत्र की सेवा शाखा में निवेश के स्कीमवार ब्यौरे नीचे दिये गये हैं:-

दूरसंचार	करोड़ रुपये
(i) स्थानीय टेलीफोन प्रणाली	23530
(ii) लंबी दूरी स्विचन	1080
(iii) ग्रामीण टेलीफोन सहित लंबी दूरी पारेषण	12550
(iv) इनसेट और इन्टेलसेट	400
(v) तार, टैलेक्स और गैर-वॉयस सेवाएं	1095
(vi) अन्य, भूमि और भवन (स्टाफ क्वार्टर तथा प्रशासनिक कार्यालय)	1000
(vii) आनुषंगिक सेवाएं	900
	40555

दूरसंचार क्षेत्र की अन्य शाखाओं के लिए अनुमोदित परिव्यय निम्नलिखित है:-

आई.टी.आई.	350.00 करोड़ रु.
वि.स.नि.लि.	800 करोड़ रु.
एच.टी.एल.	15.00 करोड़ रु.
बेतार अनुश्रवण संघटन	26.00 करोड़ रु.

(ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना की मध्यावधि पुनरीक्षा के अनुसार आठवीं पंचवर्षीय योजना के वित्त-पोषण के स्रोत विवरण में दिए गए हैं।

(ग) पूंजी का निवेश म.म.टे.नि.लि., आई.टी.आई.ए एच.टी.एल., विदेश संचार निगम लि० और बेतार अनुश्रवण संघटन सहित दूरसंचार विभाग में किया जाएगा।

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, विदेशी श्रृण से 452.17 करोड़ रु. का निवेश करने का प्रस्ताव है। विदेशी इक्विटी के जरिए निधियां जुटाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

विवरण

		दूरसंचार सेवाएं	अन्य दूरसंचार क्षेत्र	जोड़ करोड़ रु० में
1.	आन्तरिक संसाधन	25646	1586.65	27232.65
2.	अतिरिक्त बजट संसाधन	7723	35	7758
3.	बजटीय सहायता	364	26	390
4.	अन्य	शून्य	255	255
	जोड़:	33733	1902.65	35635.65

टिप्पणी: उपर्युक्त में विदेशी ऋण के तौर पर 452.17 करोड़ रु० भी शामिल हैं।

सिंगापुर की मोटोरोला कम्पनी के साथ समझौता

7033. **श्री जनेश्वर मिश्र:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने सिंगापुर की मोटोरोला कम्पनी के साथ कोई समझौता किया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी तथ्यात्मक ब्यौरा क्या है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) और (ख) जी, नहीं। सरकार ने सिंगापुर की मोटोरोला कम्पनी के साथ कोई करार नहीं किया है। तथापि, उदारीकृत औद्योगिक नीति के अनुसार, भारतीय कम्पनी अधिनियम के अन्तर्गत मोटोरोला सिंगापुर प्राइवेट लि० द्वारा गठित मोटोरोला इण्डिया लि० नामक कम्पनी ने पेजर और डॉटा संचार उपस्कर के लिए विनिर्माण सुविधाओं की स्थापना की है। मोटोरोला सिंगापुर प्राइवेट लि० ने मूल्यावर्धित दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय कम्पनियों के साथ अनेक संयुक्त उद्यमों की भी स्थापना की है।

Change for Inter-State calls by Nursing Homes and Five Star Hotels

7034. DR. ISHWAR CHANDRA GUPTA: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to refer to answer to Unstarred Question 2409 given in the Rajya Sabha on the 29th March, 1995 and state:

(a) how much more than the rates prescribed by the Department of Telecommunications are being charged for inter-state calls by the big nursing homes and five star hotels in the State capitals;

(b) whether, under the pretext of over-head charges, nursing homes and five star hotels charge from their customers, five to eight times more than the prescribed rates;

(c) if so, in order to provide telecommunication facility to the people at reasonable rates, whether Government propose to fix some reasonable criteria in this regard; and

(d) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) and (b) The Department has no detailed information regarding actual rates charged for inter-state calls by Five Star Hotels and Nursing Homes.

(c) and (d) No, Sir. It may not be possible for the Department to intervene in the matter of rates charged by nursing homes and five star hotels as the additional charges are known to be collected on account of the overheads relating to telecom equipment, operating charges and environmental facilities provided by them.

Telephone facilities to Tribal Gram-Panchayats

7035. SHRI RAJNI RANJAN SAHU: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state: